# कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

**मध्यावधि परीक्षा, सत्र- 2025-26**

**कक्षा: 8 , विषय: हिंदी**

**भाग -1 (साहित्य एवं व्याकरण), सेट-'ए'**

**दिन व दिनांक: गुरुवार-सितंबर 18, 2025**

**अधिकतम अंक: 40** **समय सीमा: 1 घंटा**

**नाम: ________________** **अनुक्रमांक: ________**

---

***सामान्य निर्देश -***

*i) इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ-8, प्रश्नों की संख्या-8 तथा उप प्रश्नों की संख्या 40 है|*

*ii) प्रश्न-1 के लिए 7 अंक , प्रश्न-2 के लिए 5 अंक , प्रश्न 3 के लिए 5 अंक प्रश्न 4 के लिए 10 अंक तथा प्रश्न 5 के लिए 3 अंक ,प्रश्न 6 के लिए 4 अंक, प्रश्न 7 के लिए 2 अंक, प्रश्न 8 के लिए 4 अंक निर्धारित हैं |*

*iii) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |*

*iv) प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए |*

## खंड 'क' अपठित गद्यांश (7अंक)

**प्रश्न1) दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न 1-3 के लिए उचित विकल्प चुनें तथा प्रश्न 4&5 का उत्तर लिखें -** **(1×7=7)**

जीवन में सफलता पाने की चाह हर किसी के मन में होती है, लेकिन इसका मार्ग सीधा और सरल नहीं होता। यह रास्ता कभी-कभी ऊबड़-खाबड़, तो कभी लंबा और कठिन भी हो सकता है। मंच पर मिलने वाली तालियों, पदकों और प्रमाणपत्रों के पीछे अनगिनत दिनों और रातों की मेहनत छिपी होती है। जब लोग सो रहे होते हैं, तब कोई अपने सपनों के लिए अभ्यास कर रहा होता है; जब बाकी लोग हार मान लेते हैं, तब कोई और व्यक्ति बार-बार गिरकर भी उठ खड़ा होता है।बहुत-से लोग सफलता को भाग्य या "प्राकृतिक प्रतिभा" का परिणाम मानते हैं। परंतु सच्चाई यह है कि प्रतिभा केवल एक शुरुआत देती है, आगे का सफ़र मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से तय होता है। असफलताएँ इस सफ़र का हिस्सा हैं, और इन्हें विफलता समझना सबसे बड़ी भूल है। हर असफलता हमें बताती है कि कहाँ सुधार की आवश्यकता है और किस दिशा में आगे बढ़ना है।सफलता का एक और महत्वपूर्ण पहलू है–विनम्रता। जितनी ऊँचाई पर कोई व्यक्ति पहुँचता है, उतना ही ज़रूरी है कि वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे। विनम्र व्यक्ति न केवल दूसरों का सम्मान पाता है, बल्कि उनकी प्रेरणा भी बनता है। लोग भूल सकते हैं कि

आपने कितने पुरस्कार जीते, लेकिन वे कभी नहीं भूलते कि आपने उनके साथ कैसा व्यवहार किया। अंततः सफलता केवल अपनी मंज़िल तक पहुँचने का नाम नहीं है, बल्कि उस यात्रा का भी है जिसमें हम सीखते हैं, बदलते हैं और बेहतर इंसान बनते हैं। यह यात्रा तभी सार्थक होती है जब हम अपनी उपलब्धियों को दूसरों के साथ बाँटते हैं और समाज के लिए कुछ सकारात्मक छोड़ जाते हैं।

i) **लेखक के अनुसार सफलता किससे बनती है?** **(1)**

क) केवल प्रतिभा से

ख) मेहनत, अनुशासन और निरंतरता से

ग) भाग्य से

घ) दूसरों की मदद से

ii) **असफलताओं को किस रूप में देखना चाहिए?** **(1)**

क) हार के रूप में

ख) समय की बर्बादी के रूप में

ग) सीखने के अवसर के रूप में

घ) बाधा के रूप में

iii) **नीचे दिए गए कथन - कारण के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-** **(1)**

**कथन:** असफलताओं से डरना सफलता की राह में सबसे बड़ी बाधा है।

**कारण:** असफलताएँ हमें सुधारने और आगे बढ़ने का अवसर देती हैं।

क) कथन सही है, पर कारण गलत है।

ख) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

ग) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

घ) कथन गलत है, पर कारण सही है।

iv) **आपके अनुसार विनम्रता सफलता का आवश्यक गुण क्यों है?** **(2)**

**उत्तर**

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

**v) इस गद्यांश से आपको अपने जीवन के लिए कौन-सी दो प्रमुख सीख मिलती हैं? (2)**

**उत्तर**

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------

## पठित काव्यांश ( 5 )

**प्रश्न2) दिए गए पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखें - (1×5=5)**

अभी भी दबा है चिड़िया की
चोंच में तिनका
और वह उड़ने की तैयारी में है!
अभी भी झरती हुई पत्ती
थामने को बैठा है हाथ एक
अभी भी भीड़ है स्टेशन पर
अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है
गंतव्य तक |

i) **'यह कठिन समय नहीं' कविता में कवयित्री का कौन-सा दृष्टिकोण प्रकट हुआ है? (1)**

क) परंपरावादी

ख) रूढ़िवादी

ग) निराशावादी

घ) आशावादी

ii) **दिए गए विकल्पों से 'प्रस्तुत पंक्तियों की कविता व कवि का नाम चुनें- (1)**

क) यह सबसे कठिन समय है, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

ख) भगवान के डाकिए , रामधारी सिंह 'दिनकर'

ग) यह सबसे कठिन समय नहीं, जया जादवानी

घ) अब समय नहीं , नरोत्तम दास

iii) **निम्नलिखित में से किसे थामने को बैठा है हाथ एक?** **(1)**

क) पुरस्कार (रुपये) को

ख) मेहनत के फल को

ग) गिरते हुए फल को

घ) गिरती हुई पत्ती को

iv) **कविता में विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से कवयित्री निम्नलिखित में से क्या कहना चाहती है?** **(1)**

क) जीवन से सब कुछ समाप्त हो चुका है

ख) जीवन की आशा अब भी शेष है

ग) इससे बुरा समय हो ही नहीं सकता

घ) विकल्प क और ग सही हैं

v) **कविता के अनुसार स्टेशन पर अभी भी क्या है?** **(1)**

क) दूसरी रेलगाड़ियाँ

ख) ढेर सारा सामान

ग) भीड़

घ) कुली

## खंड 'ख'- व्याकरण **28 अंक**

**प्रश्न3) निर्देशानुसार उत्तर लिखें -** **(1×5=5)**

क) 'उत्सर्ग' शब्द का पर्यायवाची लिखें -.........................................

ख) 'भक्तजन' का एकवचन रूप होगा- .........................................

ग) 'खेलना' शब्द से भाववाचक संज्ञा बताइए - .........................................

घ) 'निष्फल' शब्द का विलोम शब्द बताइए - .........................................

ड.) **'**वसुंधरा' शब्द का वर्ण - विच्छेद कीजिए-

.............................................................................................................................

**प्रश्न4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए -** **(1×10=10)**

i) **लिपि के विकास का कारण था -** **(1)**

क) ज्ञान को चिरस्थायी बनाने के लिए

ख) पुस्तकें लिखने के लिए

ग) अपनी बात समझाने के लिए

घ) पत्र लिखने के लिए

ii) **'जैसी करनी वैसी भरनी' | इस वाक्य में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?** **(1)**

क) निजवाचक सर्वनाम

ख) प्रश्नवाचक सर्वनाम

ग) पुरूषवाचक सर्वनाम

घ) संबंधवाचक सर्वनाम

iii) **श्रीकांत के <u>चाचाजी</u> <u>प्रतीक विस्टेरिया</u> में रहते हैं | रेखांकित शब्द संज्ञा के कौन - से भेद हैं?** **(1)**

क) जातिवाचक और व्यक्तिवाचक

ख) व्यक्तिवाचक और भाववाचक

ग) व्यक्तिवाचक और जातिवाचक

घ) जातिवाचक और भाववाचक

iv) **<u>रंजीत</u> <u>बारहवीं</u> कक्षा का विद्यार्थी है| रेखांकित शब्दों में प्रयुक्त चिह्नों के नाम हैं-** **(1)**

क) अनुस्वार और नुक्ता

ख) अनुनासिक और नुक्ता

ग) अनुस्वार और अनुनासिक

घ) नुक्ता और अनुस्वार

v) **सही नुक्ता युक्त शब्द पहचानिए-** **(1)**

क) दसवीं , मंजिल

ख) बिंदुसार, बढ़ईगिरी

ग) लड़ियाँ , कागज़

घ) मज़दूरवर्ग , ऑफ़िस

vi) **'सही वर्ण विच्छेद वाले विकल्प का चयन कीजिए-** **(1)**

क) ब् + ऐ + र् + ओ + ज़् + अ + ग् + अ + र् + अ

ख) ब् + ए + र् + ओ + ज़् + अ + ग् + आ + र् + अ

ग) ब् + ऐ + र् + औ + ज़् + अ + ग् + आ + र् + अ

घ) ब् + ई + र् + औ + ज़् + अ + ग् + आ + र् + अ

vii) **'त् + ऊ + ल् + इ + क् + आ' इन वर्णों के संयोग से बना सही शब्द कौन-सा है?** **(1)**

क) तुलिका

ख) तूलिका

ग) तालिका

घ) तिलिका

viii) **<u>माँ ने</u> <u>बच्ची के लिए</u> खिलौने खरीदे| रेखांकित शब्द कारक के कौन-से भेद हैं?** **(1)**

क) कर्ता तथा करण कारक

ख) करण तथा संप्रदान कारक

ग) कर्ता तथा संप्रदान कारक

घ) संबंध तथा कर्म कारक

ix) **यदि 'लघु' शब्द का विलोम दीर्घ है तो 'आज्ञा' शब्द का विलोम क्या होगा?** **(1)**

क) विनती

ख) निरादर

ग) अवज्ञा

घ) मर्त्य

x) **'छात्रगण' वचन का कौन - सा भेद है?** **(1)**

क) बहुवचन

ख) एकवचन

ग) द्विवचन

घ) यह वचन का उदाहरण नहीं है

**प्रश्न5) नीचे दिए गए सही युग्मों (जोड़ों) की पहचान कर उचित विकल्प चुनिए -** **(1×3=3)**

i) क) बिंदी , संस्कृति - अनुस्वार शब्द **(1)**

ख) ज़बरदस्ती , कड़वाहट - नुक्ता युक्त शब्द

ग) चूड़ियाँ, चंचलता - अनुनासिक शब्द

घ) त्र और ज्ञ - संयुक्त व्यंजन

1) केवल क सही है

2) क , ख और ग सही हैं

3) क और ख सही हैं

4) क और घ सही हैं

ii) क) नीर, जल , पानी - पर्यायवाची शब्द (1)
ख) आज्ञा - अवज्ञा - विलोम शब्द
ग) मैं , से, अरे - परसर्ग चिह्न
घ) कोई , हम , स्वयं - सर्वनाम शब्द

1) क और ख सही हैं|
2) केवल ग सही है|
3) क, ख और घ सही हैं|
4) ग और घ सही हैं|

iii) **नीचे दिए गए कथन - कारण के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-** (1)

- **कथन - इस प्रश्न का उत्तर किसी से पूछ लो |यह वाक्य सर्वनाम का उदाहरण है|**
- **कारण - वाक्य में प्रयुक्त 'किसी' निश्चयवाचक सर्वनाम है|**

क) कथन सत्य है लेकिन कारण गलत हैं|
ख) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं|
ग) कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण कथन की सही व्याख्या है|
घ) कथन और कारण दोनों गलत हैं

**प्रश्न6) निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही के सामने सही और गलत के सामने गलत लिखिए-** **(1x4=4)**

**i)** बोली एक विस्तृत क्षेत्र में बोली जाती है | ----------------------- **(1)**

ii) वर्ण- विच्छेद में स्वर और व्यंजन को अलग किया जाता है| **-----------------** **(1)**

iii) कई शब्दों के लिंग का पता उनकी क्रिया से चलता है | **-----------------** **(1)**

iv) करण कारक और अपादान कारक में कोई अंतर नहीं होता है | **----------------** **(1)**

**प्रश्न7) नीचे दी गई पंक्तियों में उचित परसर्ग ( कारक चिह्न ) लिखें-** **(.5x4=2)**

संसार ------------ इतिहास इस बात का गवाह है कि आरंभ ----------------ही सादगी पसंद व्यक्ति ही जनता -----------------उच्च विचार देकर उन्नति और विकास ---- ----------- मार्ग प्रशस्त करते आ रहे हैं|

**प्रश्न8) निम्नलिखित वाक्यों के लिंग और वचन संबंधी अशुद्धियों को शुद्ध कर लिखें-** **(1x4=4)**

**i)** मैं यहाँ चार वर्ष से रह रहा हूँ | **(1)**

उत्तर- ---------------------------------------------------------------------------

**ii)** लक्ष्मीबाई वीर थीं | **(1)**

उत्तर- ---------------------------------------------------------------------------

**iii)** चिड़ियाघर में अनेक रंगों की चिड़िया थी| **(1)**

उत्तर- ---------------------------------------------------------------------------

**iv)** पाँच आदमी के लिए खाना बनवाओ| **(1)**

उत्तर- ---------------------------------------------------------------------------